दो पिकअप वाहनों से 8 गोवंश बरामद

कार्रवाई चार तस्कर गिरफ्तार, बंडोल पुलिस ने पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मामला किया दर्ज

सिवनी, देशबन्धु। जिले की बंडोल पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो पिकअप वाहनों से 8 गोवंश को बरामद किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।थाना प्रभारी अर्पित भैरम के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप में अवैध रूप से गोवंश का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर सोनाडोंगरी में नाकाबंदी कर वाहन को पकड़ा। वाहन से चार नाटा बैल बरामद किए गए।

पहले वाहन से केसली, सागर के देवेंद्र धुर्वे (34) और राहुल साहू (22) को गिरफ्तार किया गया। दूसरे वाहन को सोनाडोंगरी गांव के पास से पकड़ा गया। इससे केसली निवासी सुनील खटीक (34) और अखिलेश रजक (23) को गिरफ्तार किया गया।

जब्त किए गए 8 नाटा बैल की कीमत 90 हजार रुपए है। दोनों महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहनों की कीमत 5-5 लाख रुपए है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद किए गए मवेशियों को गोशाला में रखवाया गया है।

सिवनी के एनएच-44 पर मिनी ट्रक पलटा, ड्राइवर घायल

सिवनी, देशबन्धु। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर छपारा थाना क्षेत्र के घोघरी गांव के पास पेप्सी से भरा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर घायल हो गया। घटना शनिवार दोपहर 1 बजे की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मिनी ट्रक जबलपुर से सिवनी की ओर जा रहा था। घोघरी गांव के पास पहुंचते ही वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और छपारा पुलिस को सूचना दी। डायल 100 की टीम ने घायल ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

छपारा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोगों की लापरवाही के कारण ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

गांव में घूम-घूमकर महिलाओं ने कच्ची शराब-लाहन किया जब्त

प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप

सिवनी, देशबन्धु। सिवनी में शनिवार को करीब 40 महिलाओं ने गांव में घूम-घूमकर अवैध शराब को जब्त किया। इसके बाद शराब को सड़क पर बहा दिया। आरोप है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री से माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई

आदिवासी समाज के लोगों के अनुसार, गांव में लंबे समय से अवैध शराब का धंधा चल रहा था। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा था। शराब की लत के कारण घरों में कलह बढ़ रही थी। महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार हो रही थीं। इस समस्या को देखते हुए समाज के बुजुर्गों ने बैठक की। सभी ने मिलकर शराब बंदी के लिए आंदोलन छेड़ने का फैसला लिया।

महिलाओं का कहना है कि प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा था। उन्हें खुद अपने गांव को बचाने के लिए आगे आना पड़ा। महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ नारेबाजी भी की। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम बिशन सिंह गौड़ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सार-समाचार

ग्राम पाठई होली मिलन समारोह में शामिल हुए जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़

पांढुर्णा, देशबन्धु। पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाठई में शनिवार को टीकाराम कोराची पूर्व सरपंच तिलकराम कोराची के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पांढुर्णा जिलाध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड ने सम्मिलित होकर रंगों के इस पावन पर्व को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़े उत्साह से मनाया। सभी को होली एवं गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

छपारा में नवागत टीआई जैतवार का किया स्वागत

छपारा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार छपारा थाने में नगर निरीक्षक के पद पर खेमेंन्द्र जैतवार को पदस्थ किया गया है छपारा में पदस्थ नगर निरीक्षक सौरभ पटेलका स्थानांतरण नरसिंहपुर किया गया है । नवागत नगर निरीक्षक जैतवार जी का जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता रावेध शाह उईके सकत धुर्वे गोगपा ब्लॉग अध्यक्ष संतोष मसराम संतराम भलावी लालचंद धुर्वे सुमेरी परते राजेंद्र भलावी नेमीचंद गोंनगे शिवदयाल उईके शिव शंकर बरकड़े रामचंद्र ते काम आदि लोगों ने नवागत नगर निरीक्षक खेमेंन्द्र जैतवार का श्रीफल और अंग वस्त्र से स्वागत किया । इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु के संवाददाता रफीक खान भी उपस्थित थे।

भुआबिछिया में 25 को सुंदरकांड हनुमान चालीसा

भुआ बिछिया, देशबन्धु। नगर के हृदय स्थल विनोद रंगमंच में सुंदरकांड, बजरंग बाण, हनुमान चालीसा एवं गंगा जी की महाआरती की तर्ज पर महाआरती का आयोजन 25 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम को दिल्ली से पधार रहे अजय याग्निक जी द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। रामलीला मैदानभुआ बिछिया में प्रारंभ होगा। जिसका समापन भंडारा प्रसादी वितरण के साथ सम्पन्न होगा।

कन्हान क्षेत्र में नए महाप्रबंधक की नियुक्ति के लिए लिखा पत्र

जुन्नारदेव, देशबन्धु। जुन्नारदेव कन्हान क्षेत्र में बंद होती खदानों को संजीवनी मिल चुकी है आगामी दिनों में दो कन्हान क्षेत्र में संचालित होती नजर आएगी। विगत दिनों में वेकोली द्वारा कान्हा क्षेत्र के स्टाफ सहित महाप्रबंधक का ट्रांसफर अन्यत्र क्षेत्र में कर दिया गया था जिसके बाद वर्तमान में महाप्रबंधक की नियुक्ति के लिए कान्हा बचाओ मंच के द्वारा पत्र लिखकर नए महाप्रबंधक की नियुक्ति किए जाने की मांग की गई है। पत्र में कन्हान बचाओ मंच द्वारा उल्लेख किया गया है कि हाल ही में, दो कोयला खदानों को प्राथमिक चरण की स्वीकृति मिली है, जो इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लेकिन, इन खदानों को चालू करने और क्षेत्र के अन्य बंद खदानों को पुनः सक्रिय करने के लिए एक सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है जिसको दृष्टिगत रखते हुए कन्हान क्षेत्र के लिए एक नए महाप्रबंधक की नियुक्ति की जाए, जो इस क्षेत्र के विकास को नई दिशा दे सके और बंद खदानों को जल्द से जल्द चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठा सके।

सड़क पर आवारा मवेशियों का जमघट

नगर एकमात्र कांजी हाउस खस्ताहाल, नपा का नहीं ध्यान

गोटेगांव, देशबन्धु। द्वापर युग में जब मोहन अपनी मुरली की तान निकलते थे तो सभी गाय इकट्ठी हो जाती थीं। कुछ ऐसा ही नजारा हमारे गोटेगांव में देखने को मिल रहा है। लोगों कहना है कि डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद ऐसी बांसुरी बजाई कि प्रदेश की गौ शालाओं की समस्त गौ माताएं प्रदेश की सड़कों पर इकठ्ठा हो गईं, अब सवाल उठता है कि गौ शालाएं जो करोड़ों की लागत से समूचे प्रदेश में तत्कालीन सरकार द्वारा बनाई गई थी उनका क्या उपयोग हो रहा है जब सभी गाय सड़कों पर हैं तो शासन फिर अपना बजट इन गौ शालाओं पर क्यों खर्च करती है।

गोटेगांव में तो आवारा पशुओं की बाढ़ सी आ गई है जिनके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं किसी का हाथ फ्रैक्चर हो रहा है तो किसी का पैर फैक्चर तो कोई मौत को गले लगा रहा हैं मगर शासन के नुमाइंदे किंकर्तव्यविमूढ़ बने बैठे हैं सरकार के पास कोई कानून भी नहीं है क्यों कि मोहन की गाय तो साथ ही रहेंगी इससे किसी को क्या।जब कृष्ण रूपी मोहन ही प्रदेश की सत्ता पर काबिज हैं तो गायों का क्या होगा।ये तो गायों के रखवाले हैं ।मगर फिर भी ध्यान देना होगा जो पशु मालिक सिर्फ दोहनी करके गायों को आवारा छोड़ देते हैं उन पर जुर्माने का प्रावधान रखा जाए या सजा का प्रावधान रखा जाए तभी हमारा प्रदेश गौ माता को सुरक्षित रखेगा ।

ऐसा कदम जरूर उठाया जाना चाहिए क्योंकि गौ माताएं दर दर की ठोकरें खा रहीं है कभी कभी तो किसी भारी भरकम वाहन से दुर्घटना ग्रस्त काल कवलित होकर गौ माताएं अपने प्राण त्याग देती हैं।परंतु सिर्फ मोहन सरकार अपनी गौ माताओं की रक्षा के लिए आज तक कोई कानून नहीं बना सकी और न ही कोई एहतियाती कदम उठाए हैं आखिर हमारा प्रदेश भी तो भगवा मय है। प्रदेश में आवारा गायों की रोकथाम के लिए सरकार को गौ शालाओं में सुविधा दिलाकर रख रखाव पर विचार विमर्श करना चाहिए।

भागवत कथा में कृष्ण बाल लीला, अन्नकूट महोत्सव मनाया

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव नगर के बालाजी धाम परिसर मुरलीधर वार्ड में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के पंचम दिवस पर, पूज्य कथा व्यास की वाणी ,भजन संगीत एवं अनुपम झांकी के माध्यम से श्री कृष्ण वाललीला, गोवर्धन प्रसंग एवं अन्नकूट महोत्सव का सजीव चित्रण किया गया। आचार्य शिवशंकर शर्मा (मुंबई वाले) एवं टेनगुरिया परिवार के यजमानत्व में तथा पंचाग्नि पीठाधीश्वर ,आचार्य महामंडलेश्वर, ब्रह्मर्षि श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज की अमृतमयी वाणी में कथा सत्संग का कार्यक्रम सतत जारी है।

सत्य डांस ग्रुप गाडरवारा के झांकी कलाकारों एवं म्यूजिकल ग्रुप भेड़ाघाट जबलपुर से पधारे संगीतकारों के सहयोग से पूज्य कथा व्यास की गुरुवाणी में श्रीकृष्ण बाल लीला अंतर्गत माखन चोरी, गोवर्धन प्रसंग एवं अन्नकूट महोत्सव का चित्रण किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल प्रसंगों का उल्लेख करते हुए आचार्य महामंडलेश्वर ,श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज ने कहा कि ईश्वरीय अवतारों की प्रत्येक लीला में मानवीय जीवन की प्रेरणा दृष्टिगत होती है, जिसको पहचानने की आवश्यकता है। पूज्य कथा व्यास जी ने भागवत कथा के विविध प्रसंगों पर श्रद्धालुओं को प्रभु के बाल रूप का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि भगवान ने केवल रावण, कंस के वध के लिए अवतार नहीं लिया है।

एम्पलाई प्रीमियर लीग सीजन एक का सद्भावना मैच श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जीता

केवलारी, देशबन्धु। एम्पलाईज क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ सीएम राइज स्कूल मैदान में प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ,ज्ञात होवे कि 22 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले रात्रि कालीन क्रिकेट मैच में प्रशासनिक, अधिवक्ता टीम, एकलव्य एकेडमी, पुलिस टीम,राजस्व टीम, नगर परिषद, विधुत विभाग,जनपद शिक्षक टीम एक दूसरे से भिड़ेगी,जिसका पहला सद्भावना मैच पत्रकार इलेवन एंव जनप्रतिनिधि इलेवन के मध्य खेला गया।

इस मैच में केवलारी नगर के सभी सम्मानित पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए,जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जल है तो कल थीम आधारित सद्भावना मैच का टॉस जनप्रतिनिधि 11 सचिन अवधिया और श्रमजीवी पत्रकार संघ के कप्तान मनीष जैन जिला अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ के बीच सिक्का उछला गया, इसमें जनप्रतिनिधि 11 ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया,पहले बल्लेबाजी करने उतरी जन प्रतिनिधि 11 ने निर्धारित 10 ओवर में 79 रन बनाए जिसके जवाब में श्रमजीवी पत्रकार संघ की और से बेहतरीन बल्लेबाज राजदीप राहंगडाले की शानदार बल्लेबाजी कर सातवें ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया,इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे श्री मनीष अवस्थी जी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रफीक खान बेस्ट फील्डर का अवार्ड मिला, वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडे,राजेंद्र मेहरा राजू की संरक्षण में टीम को प्रोत्साहित करते खेल मैदान मे दिखे हुए अपनी टीम को विजय दिलवाने मैच की सबसे विशेष भूमिका रही,उक्त मैच में जनप्रतिनिधि 11 में मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल , सचिन अवधिया व अन्य का योगदान रहा।

सरदार भगत सिंह का मनाया बलिदान दिवस

राजगुरु, सुखदेव को भी किया याद

सौसर, देशबन्धु। रविवार को शहीदे ए आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान दिवस पर आईवीओ सौसर टीम ने दोपहर एक बजे आईवीओ कार्यालय सौसर में नगर पालिका परिषद के पीछे कार्यालय पर अमर शहीद सरदार की शहादत दिवस मनाया। इस दौरान राजगुरु सुखदेव को भी किया नमन। इसी के साथ डॉ . राम मनोहर लोहिया जी की जयंती को भी मनाया गया। सर्वप्रथम सरदार भगत सिंह और डॉ. राम मनोहर लोहिया के छाया चित्र पर पुष्प माला चढ़ाई गई उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित किए साथ ही अमर शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव अमर रहे, भारत माता की जय के गगन भेदी नारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान एड. रामशिल सूर्यवंशी , एस आर शेंडे, प्रदीप ठाकरे , प्रभाकर आकोटकार डॉ. अनूप सिंह ने अपने विचार रखे तो मदन जी चावके द्वारा सुन्दर देश भक्ति गीत गया गया। अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

आयोजन का संचालन वेटरन प्रदीप कलसकर जिला महासचिव ने किया। आज के कार्यक्रम में वेटरन ज्ञानेश्वर बोरीवार, अरुण ठाकरे वृक्ष मित्र, आशीष ठाकरे राजेश्वर परतेती, रमेश गौतम शामिल रहे।

दैनिक राशिफल

सोमवार 24 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी, नक्षत्र- उ.षा.।

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

वैश्य महासम्मेलन मप्र की प्रदेश बैठक जस्टिस पीसी गुप्ता अभिनंदन

गोटेगांव, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की प्रदेश कार्य समिति की बैठक 22 एवं 23 मार्च मां नर्मदा की उद्गम स्थल अमरकंटक के नजदीक अनूपपुर में आज से प्रारंभ हो गई है। मां नर्मदा की परम कृपा है कि यह संगठन जिसके जिसके संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश रहे उनके आशीर्वाद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदेश संरक्षक मार्गदर्शक माननीय उमाशंकर गुप्ता के लगातार सतत मार्गदर्शन में यह संगठन मध्य प्रदेश की प्रत्येक तहसील एवं लगभग 23000 ग्राम पंचायत तक पहुंच चुका है। नरसिंहपुर जिले के जिला प्रभारी बी डी सोनी ने बताया कि जिस संगठन को आज से कुछ वर्ष पूर्व अनेक व्यक्ति मजाक में लेते थे।

आज उस संगठन में समाज के विभिन्न घटकों के सकारात्मक सोच के व्यक्ति आपस में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के बैनर तले निरंतर प्रदेश में रक्तदान, पर्यावरण की सुरक्षा, सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों का सामूहिक आयोजन, निरंतर अनेक सेवा कार्य पूरे प्रदेश में चल रहे हैं आज प्रथम दिन वैश्य कुल देवी माता महालक्ष्मी जी के पूजन एवं सामूहिक वैश्य गौरव गान के साथ प्रदेश बैठक का सुबह 10.30 बजे सक्रिय पदाधिकारियों के सम्मान के साथ शुभारंभ हुआ अनूपपुर इकाई के द्वारा पगड़ी पहनकर, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण के द्वारा अभिनंदन किया गया। इस बैठक में संगठन के सूत्रधार माननीय उमाशंकर गुप्ता, ने आयोजन में पधारे जस्टिस पीसी गुप्ता का पूरे सदन की ओर से अभिनंदन किया।

जस्टिस महोदय ने कहा कि उमाशंकर गुप्ता ने जो यह वटवृक्ष बनाया है हम सभी को मिलकर इस संचित करते रहना है, संगठन के प्रति समर्पित रहते हुए जिन्हें संरक्षण की जरूरत है, जो जरूरतमंद है उनकी भी मदद करना है प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदेश जैन,, प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी, प्रदेश महामंत्री मनीष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मलैया सागर, ओपी बंसल ,तरुण शाह जी, महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन, प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल बबलू, संभाग अध्यक्ष संजय साहू,जबलपुर ग्रामीण जिला प्रभारी विमल जैन, जिला अध्यक्ष पदम मोदी, नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष अजय जैन, महामंत्री एडवोकेट गगन अग्रवाल, तहसील प्रभारी मिथिलेश अग्रवाल, टिंकू, एवं प्रदेश के कोने-कोने से आए हुए जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी संभाग एवं प्रमुख पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए हैं प्रदेश के महामंत्री पदम खेमका शहडोल एवं उनके सभी सहयोगी महिला इकाई, युवा इकाई, आए हुए अतिथियों एवं आयोजन को भव्यता प्रदान करने में विगत सप्ताह भर से जुटे हुए हैं शानदार आयोजन की सभी के द्वारा सराहना की जा रही है।

होली मिलन समारोह आयोजित

पांढुर्णा, देशबन्धु। शनिवार को नगर के माँ दुर्गा योगा क्लासेस पांढुर्ना मध्यप्रदेश के द्वारा श्रीनाथ कृपा अरुण कोहले के निवास स्थान रेल्वे स्टेशन रोड पांढुर्ना में होली मिलन समारोह का आयोजन अति उत्साह से मनाया गया, होली मिलन समारोह मे सौसर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा की मुख्य अतिथि एवं पूर्व पार्षद नगर पालिका पांढुर्ना की श्रीमती सुनीता ढोबले,पूर्व पार्षद नपा पांढुर्ना की श्रीमती भूषणा ताई हिवसे, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती खण्डार की विशेष उपस्थिति में सर्वप्रथम गणेशजी एवं भगवान कृष्ण जी की पूजा अर्चना, वंदना की गई,आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित सभी महिलाओ ने भगवानो की प्रतिमा को फूल मालाये पीनाहकर एवं गुलाल का रंग लगाकर पूजन किया, उक्त कार्यक्रम का आयोजन माँ दुर्गा योगा क्लासेस की संचालिका श्रीमती पुष्पा अरुण कोहले के द्वारा रखा गया, कार्यक्रम का संचालन डॉ. खुशबु अरुण कोहले ने किया सभी ने आपस में एक दूसरे रंग लगाकर होली मनाई, और होली की बधाई भी दी।